भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1342
दिनांक 11 फरवरी, 2025/ 22 माघ, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

सशस्त्र बलों में सिविल ओपीडी

1342. श्री गिरिधारी यादव:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एक वर्ष पहले जनहित में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के चिकित्सकों को उनके उत्तरदायित्व क्षेत्र (एओआर) में सिविल ओपीडी संचालित करने का निर्देश जारी किया था; और
(ख) यदि हां, तो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उपचार करने वाले चिकित्सकों का ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत कितने गांवों को शामिल किया गया है और कितने व्यक्तियों का उपचार किया गया है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क): जी हां, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के चिकित्सक नागरिक कार्य संबंधी कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा शिविरों का आयोजन करके उनके उत्तरदायित्व क्षेत्र (एओआर) में सिविल ओपीडी संचालित करते हैं।

(ख): केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 383 चिकित्सकों द्वारा 2,160 गांवों में लगभग 2,96,847 व्यक्तियों का उपचार किया गया है।

****